GOVT. OF BIHAR

# BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

IAS Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

*Tel.* : 0612 - 2225387
*Tel.* : 0612 - 2220230
*e-mail : bceceboardbihar@gmail.com*

***Ref. No.–*** 933/2026 ***Dated :*** 21.07.2026

**प्रेषक,** **अनिल कुमार सिन्हा**
**विशेष कार्य पदाधिकारी।**

**सेवा में,**

**सचिव,**
**विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग,**
**बिहार, पटना ।**

**विषय : DECE(LE)-2026 के आधार पर (10+2) व्यवसायिक शिक्षा / आई.टी.आई. उत्तीर्ण छात्रों का डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में पार्श्विक प्रवेश हेतु 2nd round Online सीट आवंटन /** Document Verification **/ नामांकन के सम्बन्ध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूचित करना है कि राज्य के (10+2) व्यवसायिक शिक्षा / आई.टी.आई. उत्तीर्ण छात्रों का त्रिवर्षीय डिप्लोमा अभियंत्रण पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में नामांकन हेतु द्वितीय चक्र सीट आवंटन प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गयी है। लिये गये निर्णय के आलोक में **DECE(LE)**-2026 में सम्मिलित अभ्यर्थियों से प्राप्त online Registration एवं Application के आधार पर Merit list तैयार कर NIC, New Delhi / Patna को निर्धारित कार्यक्रम अनुसार दे दिया गया एवं अभ्यर्थियों से प्राथमिकता अनुसार Choice filling करवा कर दिनांक 22.07.2026 को 2nd round provisional seat allotment result publication होगा। दिनांक 22.07.2026 से दिनांक 26.07.2026 तक आवंटित अभ्यर्थी द्वारा Download किये गये provisional allotment order में Document Verification / Admission हेतु Reporting Centre का नाम एवं तिथि अंकित होगा जिसके अनुसार अभ्यर्थी अपने संबंधित Reporting Centre पर निर्धारित तिथि तक जाकर अपना Document Verification करायेंगे । **Document Verification की अवधि 25.07.2026 एवं 26.07.2026 को निर्धारित है।**

अभ्यर्थी के Provisional Allotment Order पर Willingness status (Auto upgradation status) **"No" ही अंकित रहेगा। सभी मूल प्रमाण पत्रों के Document Verification करा कर निर्धारित Fee जमा कर नामांकन लेंगे।**

सभी 58 Reporting Centre पर Biometric जाँच हेतु एक operator Biometric Agency (SSPL) द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा, जिसके लिए Reporting Centre की ओर से भी दो प्रतिनिधि को प्रतिनियुक्त किया जाय, जो अभ्यर्थियों के हुए Biometric को सत्यापित करेंगे।

DQ कोटा की सीटों पर दिव्यांग अभ्यर्थियों का सीट आवंटन हुआ है, उनका दिव्यांगता की जाँच सम्बन्धित नोडल सेन्टर पर होगी । इसके लिए सम्बन्धित नोडल सेन्टर के प्रमुख सम्बन्धित जिला पदाधिकारी एवं असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी से दिव्यांगता जाँच टीम प्रतिनियुक्त करने हेतु अनुरोध करेंगे। साथ ही साथ मुख्यालय स्तर से भी सभी जिला पदाधिकारियों को अनुरोध किया जाय।

Reporting centre की सूची भेजी जा चुकी है। अनुरोध है कि सभी reporting

**कृ0पृ0उ0**

centre को document verification / नामांकन सम्बन्धी आवश्यक तैयारी कर नामांकन कार्य पूरा करने का निदेश देने की कृपा की जाय ताकि 2nd Round का seat allotment / Admission निर्धारित समय पर पूरा किया जा सके।

**विश्वासभाजन,**

ह0/-
**(अनिल कुमार सिन्हा)**
**विशेष कार्य पदाधिकारी**

**ज्ञापांक - 933/2026** **दिनांक - 21.07.2026**

**प्रतिलिपि :** 1. निदेशक / उपनिदेशक (तकनीकि), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना / सभी सम्बन्धित पॉलिटेकनिक अभियंत्रण संस्थानों के प्राचार्य / नामांकन प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. सम्बन्धित जिला पदाधिकारी / असैनिक शल्य चिकित्सा पदाधिकारी-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**विशेष कार्य पदाधिकारी**